>

Title: Need to provide electricity and water facilities to displaced people in Girdih, Jharkhand.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह): सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं।

हमारे लोक सभा क्षेत्र के अन्तर्गत बोकारो थर्मल, चन्द्रपुरा, सीसीएल भारत सरकार के पीएसयूज़ हैं। विस्थापितों को पानी और बिजली देने की व्यवस्था भारत सरकार द्वारा की गई है। वर्तमान में बोकारो थर्मल जो पावर प्लांट है दामोदर वैली कारपोरेशन का। आपको सभापति महोदय ताज्जुब होगा कि जिन विस्थापितों ने अपनी जमीन दी है, प्लांट लगवाया है, उनके यहां बिजली काटी जा रही है, पीने के पानी का कनैक्शन काटा जा रहा है और आपको ताज्जुब होगा कि वैसी स्थिति बन गई है कि लोग सड़क पर उतर गए हैं, घेराव कर रहे हैं, प्रदर्शन कर रहे हैं। हम आपके माध्यम से भारत सरकार से मांग करते है कि कम से कम जो व्यवस्था पहले से बनी हुई है कि पांच किलोमीटर के रेडियस में पानी, बिजली, शुद्ध पेयजल विस्थापित परिवार को या अगल-बगल के क्षेत्र में जो लोग रह रहे हैं, उनको मिले और आपके माध्यम से मैं आग्रह करना चाहता हूं कि कोई नई व्यवस्था अच्छी चीज के लिए किया जाए, न कि जो व्यवस्था पूर्व की है उसको हम ध्वस्त करने का काम करें। लोगों में काफी आक्रोश है, इसलिए आपसे आग्रह है कि इस पर कार्रवाई किया जाए और उनको आदेश निर्गत किया जाए।